दिन– मंगलवार

दिनांक– 04 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।

अवधि– 05 मिनट

---

विधानसभा में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी है। चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में कुछ भी नया नहीं था। उन्होंन कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सतत विकास का आकलन करने वाले इंडेक्स में बिहार सबसे निचले पायदान पर है। श्री यादव ने कहा कि बीस सालों से नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार चल रही है, लेकिन वे आज भी अपनी विफलताओं के लिए दो हजार पांच से पहले की सरकार को भी दोषी ठहराते हैं। उन्होंने वर्तमान राज्य सरकार में समन्वय की कमी का आरोप लगाया।

———————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया अगले दो माह में पूरी कर ली जाएगी। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि बड़ी संख्या में शिक्षकों के आवेदन आए हैं। उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर के माध्यम से मुख्यालय स्तर पर आवेदनों का निष्पादन किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहले चरण में कैंसर पीड़ित बीमार शिक्षक– शिक्षिकाओं को उनकी चॉइस पोस्टिंग दी गई है। श्री कुमार ने कहा कि यदि पति–पत्नी दोनों शिक्षक हो तो एक ही स्कूल में पोस्टिंग देने पर विचार किया जा रहा है।

———————————————————————

डॉ. दिलीप जायसवाल को औपचारिक तौर पर भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया है। पटना के बापू सभागार में पार्टी राज्य परिषद की बैठक में चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इसकी घोषणा की। डॉ. जायसवाल वर्ष दो हजार सत्ताईस तक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहेंगे। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। कार्यक्रम में बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार का नारा दिया गया।

———————————————————————

केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि आज देशभर में लगभग दस लाख चालीस हजार महिलाएं पंचायती राज संस्थाओं से जुड़ी हैं। श्री सिंह आज नई दिल्ली में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सशक्त पंचायत–नेत्री अभियान के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदी योजनाओं समेत कई पहल की है। श्री सिंह ने महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं में कौशल विकास की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम के दौरान तेईस निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को उनके पंचायतों में किए गए असाधारण कार्यों के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए।

———————————————————

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो से चार डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट आ सकती है। साथ ही अगले दो से तीन दिनों के दौरान दोपहर से शाम तक दस से बीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इधर, बत्तीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।